# POLICE COMMISSIONERATE

# PRAYAGRAJ

# सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 15.06.2026

## थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना हण्डिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0-189/26 धारा-191(2)/191(3)/115(2)/352/351(2)/103(1) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रमेश बिन्द पुत्र स्व0 मुन्नी लाल निवासी ग्राम तिलकपुर उपरदहा थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-15.06.2026 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत वासूपुर शिवमंदिर के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा अपने परिजनों के साथ मिलकर दिनांक-28.04.2026 को पुरानी रंजिश को लेकर मुकदमा वादी के परिजनों के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मार-पीट की गयी थी, जिसमें वादी मुकदमा के चाचा को गम्भीर चोटें आयी थी, जिसके सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-189/2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित पूर्व में 02 नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

रमेश बिन्द पुत्र स्व0 मुन्नी लाल निवासी ग्राम तिलकपुर उपरदहा थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 55 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-189/26 धारा-191(2)/191(3)/115(2)/352/351(2)/103(1) भा0न्या0सं0 थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 अनूप सरोज, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. का0 हरिओम, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 रितुराज सिंह, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 बृजेश कुमार राय, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।